आकाशवाणी शिमला

26.03.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे

## मुख्य समाचार

- **विधानसभा में वित्त वर्ष 2025–26 के लिए 62 हज़ार 3 सौ 87 करोड़ 61 लाख से अधिक का बजट ध्वनिमत से पारित।**
- **मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–बजट में हर वर्ग का रखा ख्याल–कर्मचारियों को जून के वेतन में मिलेगा तीन फीसदी डीए।**
- **उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा–करूणामूलक आधार पर पात्र लोगों को नौकरियां देगी सरकार।**
- **राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने नशे के खिलाफ अभियान में समाज के हर वर्ग की भागीदारी पर दिया बल।**

## बजट पारित

हिमाचल प्रदेश विधानसभा में आज वित्त वर्ष 2025–26 के लिए 62 हजार 3 सौ 87 करोड़ 61 लाख 88 हजार रुपए का बजट पारित कर दिया गया है। शिमला में चल रहे विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस संबंध में हिमाचल प्रदेश विनियोग विधेयक 2025 सदन में पेश किया, जिसे सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। मुख्यमंत्री ने 17 मार्च को सदन में वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए 58 हज़ार 5 सौ 14 करोड़ रूपये का बजट पेश किया था, जिसमें 11 नई योजनाओं की घोषणा की गई थी। बजट में करीब चार हजार करोड़ रुपए की बढ़ौतरी की गई है। बजट में 6 हज़ार 3 सौ 90 करोड़ रूपये का राजस्व घाटा अनुमानित है। राजस्व घाटे के साथ करीब 10 हज़ार 3 सौ 38 करोड़ रूपये का पूंजीगत घाटा अनुमानित हैं। बजट अनुमानों के अनुसार आगामी वित वर्ष में प्रदेश सरकार की राजस्व प्राप्तियां 42 हज़ार 3 सौ 43 करोड़ रूपये व राजस्व खर्च 48 हज़ार 7 सौ 33 करोड़ रूपये रहने का अनुमान है। बजट पारित होने के बाद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि बजट में सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था, कृषि और सामाजिक सुरक्षा को प्राथमिकता दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मचारियों को जून की सैलरी में 3 फ़ीसदी डीए मिलेगा और एरियर का भुगतान भी चरणबद्ध तरीके से होगा।

## प्रश्नकाल

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि राज्य सरकार करूणामूलक आधार पर पात्र लोगों को नौकरियां देगी और इसके लिए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की अध्यक्षता में मंत्रिमंडलीय समिति गठित की गई है। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान विधायक सतपाल सिंह सत्ती और सुरेंद्र शौरी ने के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि समिति की सिफारिशों के आधार पर सरकार करूणामूलक आधार पर नौकरी देगी। अग्निहोत्री ने कहा कि सरकार करूणामूलक आधार पर रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध है और चुनावी वायदों के मुताबिक कार्य करते हुए सभी के केस कंसीडर कर समयबद्ध नौकरी देगी। उन्होंने कहा कि पेंशन आय का हिस्सा है और उसे इसमें जोड़ा जाता रहा है, क्योंकि सरकारी कोष से धन जारी हुआ है। इससे पहले शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि उनकी अध्यक्षता में कैबिनेट सब कमेटी की दो बैठकें हो भी चुकी हैं और यह कमेटी 15 अप्रैल से पहले अपनी रिपोर्ट सरकार को दे देगी। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के अनुपूरक सवाल पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि करूणामूलक आधार पर नौकरी में वही नीति चल रही है जो पूर्व भाजपा सरकार ने बनाई है। उन्होंने कहा कि सरकार करूणामूलक आधार पर नौकरी देने जा रही है और सारा मामला अंतिम चरण में है। विधायक भुवनेश्वर गौड़ और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के अनुपूरक सवाल पर मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश में लोकहित के दृष्टिगत दूध आधारित ग्रामीण

अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए और पर्यावरण सुरक्षा के लिये विद्युत उपभोग पर सैस लगाए गए हैं, इससे कोई ज्यादा आय नहीं हो रही है। यह सेस, ऊर्जा की खपत के आधार पर वर्गीकृत उपभोक्ताओं की विभिन्न श्रेणियों पर लगाए गये हैं। उन्होंने कहा कि आम लोगों पर इसका कोई भार नहीं पड़ रहा है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि यदि बिल ज्यादा आ रहा है तो उपभोक्ता इसकी शिकायत इलेक्ट्रिसिटी रिड्रेसल फोरम पर कर सकता है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि यदि सेस लगाने के बाद भी आय नहीं हो रही है तो ये सेस क्यों लगाए हैं। विधायक राकेश जंबाल और रणधीर शर्मा द्वारा पूछे गए सवाल के लिखित जवाब में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन सेवा में बड़ा बदलाव हुआ है। उन्होंने कहा कि यात्रियों की कमी और संसाधनों की चुनौतियों के चलते एचआरटीसी ने बीते दो वर्षों में 88 बस रूट बंद कर दिए हैं। उपमुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि यदि भविष्य में यात्रियों की संख्या और संसाधनों की स्थिति बेहतर होती है, तो इन रूटों को दोबारा बहाल किया जा सकता है।

## राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश में एक बड़ा नशा मुक्ति केन्द्र खोलने के लिए सरकार को उचित कदम उठाने चाहिए। सिरमौर ज़िला के धौलाकुआं स्थित क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान व प्रशिक्षण केन्द्र के तहत खैरी अनुसंधान प्रक्षेत्र में आयोजित किसान मेला व नशा उन्मूलन जागरूकता शिविर में बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने ये बात कही। राज्यपाल ने सभी नागरिकों से सैनिक की भांति सर्तक रहकर नशे को अपने घरों में प्रवेश करने से रोकने का आह्वान किया। उन्होंने प्रदेश में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे व्यापक अभियान में समाज के हर वर्ग की भागीदारी पर बल दिया। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रगतिशील किसानों को सम्मानित करने के अलावा विद्यार्थियों की नशा मुक्ति रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि साल 2032 तक हिमाचल को समृद्ध प्रदेश बनाने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। वे आज शिमला  स्थित सरकारी आवास ओक ओवर में अपने जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर परिवार और समर्थकों के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने हिमाचल के हितों की केंद्र के सामने पैरवी करने के लिए विपक्ष से भी सहयोग की अपील की। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पिछले साल सरकार ने राजनीतिक आपदा का सामना किया और प्रदेश की जनता से उन्हें सहयोग मिलने से विधानसभा में कांग्रेस की संख्या 40 पर पहुंची। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनौतियां बहुत हैं लेकिन व्यवस्थाओं में सुधार किया जा रहा है और सरकार के फैसलों में प्रदेश की जनता का सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था गति पकड़ रही है जिससे ग्रामीण और बागवान समृद्ध होंगे।

## आउटसोर्स प्रदर्शन

राज्य में विभिन्न विभागों में कार्यरत्त आउटसोर्स कर्मियों ने आज शिमला के चौड़ा मैदान में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। इन कर्मचारियों ने सरकार से वेतन में बढ़ोतरी के साथ स्थाई पॉलिसी बनाने की मांग की है। आउटसोर्स कर्मियों का कहना है कि उन्हें काफी कम वेतन मिलता है जिससे परिवार का भरण पोषण करना काफी मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार इस बजट में भी उनके लिए नाम मात्र वेतन वृद्धि की घोषणा की है।

**मौसम**

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के चलते मौसम विभाग ने किन्नौर और लाहौल–स्पीति जिलों के कुछ क्षेत्रों में बर्फबारी का यैलो अलर्ट जारी किया है। इसके प्रभाव से इन जिलों में 2 दिन तक बर्फबारी हो सकती है। इसके अतिरिक्त चम्बा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी जिलों में तेज तूफान और आसमानी बिजली गिरने का यैलो अलर्ट भी विभाग ने जारी किया है।

**भाजपा प्रदर्शन**

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में विभिन्न तरह के माफियाराज, भ्रष्टाचार और राज्य सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कल 27 मार्च को शिमला के चौड़ा मैदान में प्रदर्शन करेगी। प्रदेश भाजपा महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि इस दौरान प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सहप्रभारी संजय टंडन, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल और सांसद अनुराग ठाकुर, सुरेश कश्यप, राजीव भारद्वाज व कंगना रणौत मौजूद रहेंगे। प्रदर्शन में पूरे प्रदेश से 10 हज़ार कार्यकर्ता शामिल होंगे।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- विधानसभा में वित्त वर्ष 2025–26 के लिए 62 हज़ार 3 सौ 87 करोड़ 61 लाख से अधिक का बजट ध्वनिमत से पारित।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–बजट में हर वर्ग का रखा ख्याल–कर्मचारियों को जून के वेतन में मिलेगा तीन फीसदी डीए।
- उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा–करूणामूलक आधार पर पात्र लोगों को नौकरियां देगी सरकार।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने नशे के खिलाफ अभियान में समाज के हर वर्ग की भागीदारी पर दिया बल।